राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# रामनवमी पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 16 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रामनवमी (17 अप्रैल) के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम घट घट में व्याप्त हैं। उनका पूरा जीवन ही आदर्श का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अवतार के रूप में भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र हमें विपरीत परिस्थितियों में भी नैतिकता, सदाचार, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर भगवान श्री राम से सभी के लिए सुख, समृद्धि और संपन्नता की कामना की है।

———